हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी



06 घाट पहुंचकर प्रतिमाओं व ज्वारों का किया...





07 हिंदू समाज के संगठन में भारत के साथ पूरे विश्व...




## खबर संक्षेप

### पुलिस थाने में किया गया शस्त्र पूजन



सोहागपुर। सोहागपुर थाने में एसडीओपी संजू चौहान, टीआई ऊषा मरावी तथा अन्य पुलिसकर्मियों ने पूर्ण विधि विधान से शस्त्र पूजन किया। एएसआई गणेश राय ने बताया कि पुलिस को प्रदत्त शासकीय वाहनों की भी पूजा की गई।

### राज्यमंत्री गौर ने किया शस्त्र पूजन



नर्मदापुरम। विजयादशमी के अवसर पर गुरुवार को नर्मदापुरम पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन का आयोजन हुआ। पहली बार कलेक्टर, एसपी के अलावा राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस लाइन की शस्त्र पूजन की। मंत्री गौर दोपहर 2.45 बजे भोपाल से नर्मदापुरम पहुंची थी।

### श्रीराम के बाणों से रावण को मिली मुक्ति, शारदीय नवरात्र उत्सव का हुआ विराम

# धूं-धूं कर जल उठा अहंकार, मनाया बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**बुराई पर अच्छाई के प्रतीक दशहरा पर्व नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान 40 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया।**



नर्मदांचल में बुराई पर अच्छाई के प्रतीक दशहरा पर्व धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय दशहरा मैदान में रावण का 40 फीट का विशाल पुतला बनाकर उसका दहन किया गया। इस दौरान सैंकड़ों की तादात में भक्तों औरर दर्शकों ने आतिबाजी का आनंद लिया। दशहरा उत्सव में विधायक डॉ सीतासरण शर्मा, कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, रामलीला समिति के अध्यक्ष पं गिरिजाशंकर शर्मा, पं भवानी शंकर शर्मा, नपा अध्यक्ष नीतू यादव, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अरुण शर्मा, मेला प्रबंधक वैभव शर्मा, रामलीला समिति सचिव योगेश्वर तिवारी, संयोजक प्रशांत दुबे, मुन्नू भैया, अधिवक्ता अजय प्रकाश श्रीवास्तव, द्वारका प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जगह-जगह हुआ भंडारा प्रसादी का वितरण

गुरुवार को दशहरा पर शारदीय नवरात्र परा विराजित देवी प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ। जहां देवी पंडालों में हवन पूजन के साथ कार्यक्रमों को विराम दिया गया वहीं कई स्थानों पर कन्या पूजन किये गये। दूसरी ओर दुर्गा उत्सव समितियों ने दशहरे पर भंडारे का अयोजन भी किया जो देर रात तक जारी रहा इस दौरान भक्तों ने प्रसादी पाई।

### श्रीराम-रावण युद्ध की लीला का हुआ मंचन

लीला में बताया कि श्रीराम-रावण युद्ध में रावण के बलशाली भाई कुम्भकरण और पुत्र मेघनाद मृत्यु के बाद वह स्वयं युद्ध के लिए आता है जहां श्रीराम और रावण के बीच आग्नेयास्त्रों भयंकर युद्ध प्रारम्भ हो जाता है, श्रीराम को पैदल और रावण को रथ पर युद्ध करते देख विभिषण को अधीर देखते हुए विभिषण प्रभुश्रीराम युद्ध के मैदान धीरज, शौर्य, बल और धर्म के उपदेश देते हैं। यहां सारे प्रयासों के विफल होने पर रावण एक अपावन यज्ञ करता है उसे हनुमान और सुग्रीव आदि असफल कर देते है फिर प्रभुश्रीराम अपने सारंग धनुष पर इकतीस बाणों के एक साथ रख कर संधान करके रावण का वध कर देते है। आज की लीला में कलाकारों ने शानदार अभिनय की प्रस्तुति दी। दर्शकों ने भी करतल ध्वनि और श्रीराम के जयकारों के साथ कलाकारों का मनोबल बनाए रखा। लीला का मंचन आयोजन जारी रहेगा।

### शुरू हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

महाष्टमी के बाद दशहरा से देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह से ही हवन पूजन के बाद दिन भर बाजे, गाजे और डीजे की धुन पर नाचते गाते युवा मां को नम आंखों से विदाई देने के लिए कृत्रिम कुण्ड में पहुंचे। और मूर्ति विसर्जन की। विसर्जन का सिलसिला देर रात्रि तक जारी रहा। इस दौरान पुलिस बल बंदोबस्त व्यवस्था पर तैनात रहा।

# एसटीआर में आएंगे 3 नए वाहन मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

### सतपुड़ा वर्कर सोसाइटी ने क्रय किए हैं वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के वाहन बेड़े में शामिल होने जा रहे तीन सफारी वाहन लोकार्पित किये हैं। लोकार्पण आयोजन वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह की शुरुआत पर बुधवार एक अक्टूबर 2025 को भोपाल में किया गया है।

रिजर्व फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा, डिप्टी डायरेक्टर ऋषिभा नेताम तथा असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद ने बताया कि तीनों वाहन सतपुड़ा वर्कर समिति द्वारा अपनी अर्जित राशि से क्रय किए गए हैं। जिनका लोकार्पण किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व अंतर्गत सतपुड़ा वर्कर समिति का एक अनूठा मॉडल पूरे प्रदेश में सराहनीय है। मढ़ई गेट पर यह एक ऐसा मॉडल है, जिसमें मात्र सतपुड़ा वर्कर सोसायटी ही कोर क्षेत्र में समस्त सफारी वाहनों का संचालन करती है। समिति द्वारा संचालित सफारी वाहनों के अतिरिक्त कोर क्षेत्र में किसी भी अन्य प्राइवेट वाहन का संचालन नहीं होता है।

### सोसाइटी के अन्य कार्य

रिजर्व अधिकारियों ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में सतपुड़ा वर्कर सोसाइटी अनुकरणीय काम कर रही है। सोसायटी स्थानीय समुदाय के युवाओं को गाइड, ड्राइवर एवं श्रमिक रूप में प्रशिक्षण उपरांत कार्य प्रदान कर सुदृढ़ता देती है। सफारी वाहनों के संचालन के अतिरिक्त यहां सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में समस्त सोवेनियर शॉप्स, कैफेटेरिया एवं विश्राम गृहों का संचालन भी इसी सतपुड़ा वर्कर सोसाइटी द्वारा किया जाता है।

# सरपंच की मनमानी के चलते हितग्राही योजना से हो रहे वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्राम पंचायत वीजनबाडा में महिला सरपंच होने के कारण सरपंच पति ही सारे निर्माण कार्य पूरा कर रहे हैं। ग्रामपंचायत के गठन हुए लगभग 3 वर्ष पूर्ण होने पर भी पचमढ़ी रोड पर रिछैडा वाले सरदार के सामने सीमेंट रोड निर्माण कार्य का प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन अब तक सरपंच सचिव रोजगार सहायक के द्वारा निर्माण कार्य नहीं किया गया है। प्रस्ताव को कचरा में डाल दिया है लेकिन उसी के सामने मुख्य मार्ग से लेकर रमेश पटेल वोड़ना वाले के घर की ओर लगभग 500 मीटर सीमेंट रोड का निर्माण कार्य पूरा करा दिया गया है। जबकि इधर पर पंचायत के मतदाताओं के नाम ही नहीं है। सिर्फ सरपंच पति के समाज के तथा रिस्तेदारो को लेकर सड़क निर्माणकार्य किया गया है जो नियम अनुसार नहीं है।



### नहीं हुआ कार्ड का वितरण

दूसरी ओर सरकार ने लगभग 2 वर्ष पूर्व ही आयुष्मान कार्ड हितग्राही को बनवाकर वितरण करने के आदेश दिए गए थे। पर वीजनबाडापंचायत में दर्जनों लोगों के आयुष्मान कार्ड हितग्राही मूलक योजनाओं पर काम नहीं कर अभी तक वितरण नहीं किए गए हैं। वगैर प्रस्ताव तैयार कर बगैर पंचों की अनुमति लिए ही निर्माण कार्य चल रहा है। त्रिषूल वाले के पीछे मुख्य मार्ग पर बड़े गड्ढे होने पर भी मेहरबान सिंह पटेल ने बताया कि शिकायत दर्ज कराई गई थी। फिर भी आज तक गड्ढे बंद नहीं कराए गए हैं ना ही सफाई व्यवस्था है नारी भी नहीं है। कोई व्यवस्था नहीं है। जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं । पर सफाई व्यवस्था के बिल लग रहें हैं। लाखों रूपए सफाई व्यवस्था को लेकर दर्शाया गया है। जांच कराई जाए ऐसा लोगों का कहना है। समय-समय पर पंचायत खुलती ही नहीं है।1/10/25को दोपहर 11 बजे तक ताला लगा रहा है।2/10/25को 1बजे तक रोजगार सहायक पंचायत में नहीं पहुंचे। ग्राम सभा के बाद भी नोडल अधिकारी भी लापता रहे हैं। इस विषय पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया से बात करना चाही तो मोबाइल नहीं उठाया गया।

### किसानों ने भावांतर योजना तुरंत बंद करने का प्रस्ताव लिया

**माखन नगर।** 2 अक्टूबर को आरी ग्राम पंचायत में गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया था जिसमें उपस्थित ग्राम के किसानों ने सरकार की महत्वपूर्ण भावांतर योजना तुरंत बंद करने का प्रस्ताव लिया है। साथ ही किसानों के लिए एम एस पी पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनाया जाए किसानों की जो भी फसल बिक्री की जाती है और उसका भुगतान समय पर नहीं होता है तो विलम्ब की अवधि का ब्याज दिया जाए तीनों प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किए गए हैं ग्रामसभा की कार्यवाही प्रस्ताव पर सरपंच सुगंती पांडे एवं सचिव सुरेंद्र तोमर के सील एवं हस्ताक्षर हैं।

# सेवा दल ने मनाई बापू और शास्त्री की जयंती अन्य जगह भी गांधी जयंती पर हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि की भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण किया उपस्थित वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं शास्त्री के बताए मार्ग पर चलने का आवाहन किया और कहा आज की दशा में गांधी की विचारधारा और भी प्रासंगिक हो गई है।

आज जहां एक दूसरे को लड़ने की बात हो रही है भाषा धर्म के के नाम पर देशवासियों में भेदभाव पैदा किया जा रहा है देश में अशांति का वातावरण निर्माण करने की कोशिश की जा रही है लेकिन जब तक महात्मा गांधी की विचारधारा इस देश में है जब तक भारत देश अखंड है इसे कोई खंड-खंड नहीं कर सकता। वही गुर्जर वाडा भारत उदय स्कूल में गुरुदेव शिक्षा एवं समाज समिति ने ने गांधी एवं शास्त्री को श्रद्धांजलि दी। वही नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला साथियों ने गांधी जी और शास्त्री जी को नमन किया।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुईं राज्यसभा सांसद नारोलिया, किया पूरस्कार का विरतण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मां भवानी उत्सव समिति, पंचवटी फेस 2, नर्मदापुरम में राज्यसभा सांसद माया नारौलिया ने नवरात्र महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए।

पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारौलिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वप्रथम राज्यसभा सांसद ने माता रानी सरकार की पूजा अर्चना की, तत्पश्चात समिति के संरक्षक नरोत्तम सिंह चौहान, संयोजक नारायण सिंह चौहान, अध्यक्ष प्रभात पांडेय, उपाध्यक्ष डॉ हरिओम दीक्षित, बलवंत सिंह चौहान, सचिव योगेन्द्र श्रीवास्तव, हरिसिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश दुबे, महिला प्रतिनिधि श्रीमती माया सिंह, श्रीमती सविता दुबे,पदमा पांडेय ने सांसद का पुष्पहार द्वारा स्वागत किया, कार्यक्रम में सांसद माया नारौलिया को शाल श्रीफल चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कालोनी की बिटिया जिसने विभिन्न देशों के राष्ट्रपतिओं के पोरटेड चित्र चित्रकला के माध्यम से बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने पर अर्पिता उपाध्याय एवं कक्षा दसवीं , बारहवीं में प्रावीण्य सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# नगर कांग्रेस कमेटी ने किया बापू और शास्त्री जी को नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरुवार को महात्मा गांधी एव भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर नगर कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस द्वारा स्थानीय गांधी प्रतिमा पर सुबह 9 बजे समस्त कांग्रेसजनो ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू को याद किया जय जवान और जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर चन्द्रगोपाल मलैया, फैज़ान उल हक़ , अनोखी राजोरिया, लखन रघुवंशी , अजय सैनी, सुरज तिवारी, कमलेश बाथरे, अफजल सिद्दीकी,अशोक अहिरवार, बबलू राठौर , शेख पप्पू, राजू मिश्रा आदि उपस्तिथ रहे।

# गांधी प्रतिमा पर नपाध्यक्ष ने माल्यार्पण कर मनाई जयंती, कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी की जयंती पर नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा गांधी पार्क पहुंचकर माल्यार्पण किया तथा भारत की आजादी में दिए गए उनके योगदान को उपस्थित लोगों को बताया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, भाजपा नेता हंस राय, रामू चौहान आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने कहा कि गांधी जयंती हर साल 2 अक्टूबर को देशभर में बड़े आदर और सम्मान के साथ मनाई जाती है। महात्मा गांधी, जिन्हें 'बापू' के नाम से भी जाना जाता है, भारत



के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेता थे।गाँधी जी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को पोरबंदर, गुजरात में हुआ था।

गांधीजी ने अहिंसा और सत्योग्रह के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी और ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। गांधीजी का जीवन सादगी, आत्मबलिदान, और सामाजिक न्याय के मूल्यों से प्रेरित था। उन्होंने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाया और इन्हीं के माध्यम से लोगों को एकजुट कर ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती दी। उनके नेतृत्व में भारत ने 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता प्राप्त की।

## मायके से वापस जा रही मां दुर्गा को दी नम आंखों से दी गई विदाई

# बंगाली समाज की महिलाओं ने सिंदूर खेला उत्सव मनाया, सुख समृद्धी की कामना मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम बंगाली एसोसिएशन द्वारा षष्ठी से आयोजित दुर्गोत्सव में आज पांचवें और अंतिम दिन प्रातः अपराजिता पूजा के बाद दर्पण विसर्जन हुआ। दोपहर में सुहागिन महिलाओं ने माँ दुर्गा को सिंदूर अर्पण कर उनका पान मिष्टी से वरण कर अपने ससुराल वापस जाने हेतु शुभकामनाएं दी।

माँ दुर्गा को सिंदूर लगाने के बाद एक दूसरे को भी सिंदूर लाने के उत्साह में सिंदूर खेला उत्सव हो गया। आनंद उत्सव के ये पांच दिन समाप्त होने के पश्चात नाम आंखों के साथ और अगले वर्ष पूजा को और उत्साह के साथ मनाने के जोश भरे जयकारों के साथ सपरिवार विसर्जन शोभायात्रा में जाकर माँ को विदाई दी। विसर्जन शोभायात्रा के पश्चात बिजया सम्मेलनी का आयोजन होगा जिसमें सभी गुरुजनों के चरण स्पर्श कर, उन्नति का आशीर्वाद लेंगे और एक दूसरे से गले मिलकर विजया दशमी और दशहरे की शुभकामनाएं देंगे।



नर्मदापुरम बंगाली एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आशीष चटर्जी ने सभी सदस्यों समेत नगरवासियों को विजया दशमी की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक यह त्यौहार सबके जीवन में माँ की कृपा से सुख, समृद्धि और आनंद लाए।

### मां की विदाई में भावुक हुए भक्त, नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली गई शोभायात्रा



**नर्मदापुरम।** समीपस्थ ग्राम रोहना सांवलखेड़ा में प्रस्तावित कालीबाड़ी मंदिर स्थल पर दुर्गोत्सव का समापन गुरुवार को सिंदूर खेला के साथ हुआ। इसके बाद भक्तों ने माता की भावपूर्ण विदाई की। इस दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। गुरुवार को उत्सव के समापन अवसर पर गुरुवार को प्रातः माता की विधिवत पूजा अर्चना और आरती को गई। उसके बाद सौभाग्यवती महिलाओं ने माता को अखंड सौभाग्य की कामना के साथ सिंदूर अर्पित किया। उसके बाद सभी महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया। उत्सव के बाद माता को गाजे बाजों के साथ माता की शोभायात्रा निकाली गई। माता का विसर्जन तालनगरी घाट पर किया गया। इस दौरान कालीबाड़ी समिति अध्यक्ष डॉ आशुतोष शर्मा, सचिव डा चंदन मंडल, साधना मित्रा, आरती दत्ता, अपर्णा मिश्रा, सपन मित्रा, शिखा खंपरिया, विक्रांत खंपरिया, सोमा राय, संजय सेलट, अमित माहेश्वरी, प्रमोद शर्मा, लखन यादव, राजा, दीप यादव, अभिषेक, नरेंद्र चंद्रवंशी, जनार्दन सिंह, विष्णु यादव, रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों, नेताओं तथा अधिकारियों ने किया श्रमदान

**सोहागपुर।** पूरे भारत देश में 17 सितंबर से दो अक्टूबर 2025 तक संचालित 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' का समापन गांधी जयंती पर गुरुवार को किया गया है। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान संचालित कर सफाई मित्र सम्मानित किये गए। नप सोहागपुर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर निकाय की ओर से शहर की जीवन रेखा पलकमती नदी के मातापुरा घाट पर स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने घाट की सफाई की। इसके बाद अलग अलग आकर्षक रंगों में घाट व सीढ़ियों की पुताई का कार्य भी किया गया, जिससे घाट सुंदर दिखाई देने लगा है। कार्यक्रम में महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया। पूरे अभियान दौरान श्रेष्ठ कार्य करने वाले नप के सफाई मित्रों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने खेड़ापति माता मंदिर पर भी झाड़ू लगाकर श्रमदान किया।

# स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर सफाई मित्रों को किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

स्वच्छता ही सेवा अभियान दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया गया जिसमें नगर में नाले नालियों की साफ सफाई कराई गई तलाव एवं बावड़ी की साफ-सफाई कराई गई शासकीय स्कूलों में प्रतियोगिता साफ-सफाई के संबंध में कराई गई प्रधानमंत्री आवास योजना में आवासों का गृह प्रवेश कराया गया ।

नशा मुक्ति अभियान पॉलीथिन वैन एवं नगर में मुनादी कराई गई जिसमें विधायक, अध्यक्ष पार्षद एवं जनप्रतिनिधियो ने एवं आम नागरिकों द्वारा भी इस अभियान में भाग लिया।

इसका समापन गुरुवार 2 अक्टूबर को नगर परिषद कार्यालय में किया गया उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी पार्षदो एसडीएम नीता कोरी तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी जी एस राजपूत पुरस्कार देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में गणमान्य नगरिक नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ दी मातारानी को विदाई

# घाट पहुंचकर प्रतिमाओं व ज्वारों का किया विसर्जन, अंतिम दर्शन करने उमड़ी भीड़





#### जवारों का किया विसर्जन

*नवरात्रि महापर्व के अंतिम दिन गाजे-बाजे एवं शोभायात्रा के साथ ज्वारों एवं प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नन्हीं-नन्हीं बालिकाओं ने सिर पर जवारे रखकर शोभायात्रा निकाली। दुर्गा पंडालों से प्रारंभ शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए विसर्जन स्थल पहुंची, जहां अंतिम विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात भक्तों ने जवारों का पवित्र नदियों के जल में विसर्जन किया और मैय्या रानी के चरणों में नमन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्रद्धालु ढोलक की थाप पर खूब झूमे। नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए भक्तों की टोली मैय्यारानी की झांकी के सामने चल रही थी तो वहीं बच्चों और युवा गुलाल उड़ाकर मुक्तकंठ से माता के जयकारे लगा रहे थे।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

एक-दो-तीन-चार दुर्गा जी की जय-जयकार ... जैसे गगनचुंभी जयघोषों के साथ ढोल-ढमाके, आतिशबाजी करते हुए गुरूवार को सैकड़ों भक्तों ने आदिशक्ति जगत-जननी मां दुर्गे की प्रतिमाओं को विदाई दी। नवरात्र महापर्व के अंतिम दिन मैय्यारानी की प्रतिमाओं के साथ आकर्षक झांकियां शहर की सडक़ से होती हुई विसर्जन घाटो की ओर बढ़ रही थी। शारदेय नवरात्रि में जगत-जननी मातारानी को विराजित कर नौ-दिनों तक अपने सामथ्र्य के अनुसार उपासना करने के पश्चात भक्तों ने गुरूवार नमः आंखों से मातारानी की प्रतिमाओं को विसर्जित किया। नदी, घाटों और जलाशयों पर प्रतिमाओं का विसर्जन करने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा था। भक्त सुंदर झांकियां सजाकर प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल ले जा रहे थे। प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर सुबह से ही शुरू हो गया था। देर रात तक भक्त गाजे-बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जा रहे थे, जहां विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती उपरांत नदी के जल में प्रतिमाएं विसर्जित की गई।

#### दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़

*आकर्षक झांकियों और रंग-गुलाल के गुब्बारों के बीच से गुजरती मां जगदम्बे की प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्त सडकों पर खड़े नजर आए। लोगों ने माता की प्रतिमाओं के अंतिम दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। विदाई की इस बेला पर मां दुर्गे की नयनाभिराम विशाल प्रतिमाओं को देखकर कई श्रद्धालुओं की आंख भी नम हो गई। शहर में हर तरफ माता के जयकारे गुंजायमान हो रहे थे और हर कोई माता की भक्ति में रमा हुआ था। जिससे समूचा शहर मैय्यारानी की भक्ति में डूबा हुआ नजर आया। बच्चे-बूढ़े और महिलाएं भी भारी संख्या में मातारानी को विदाई देने के लिए उपस्थित रहीं।*

#### आरती में शामिल हुए श्रद्धालु

*मातारानी की प्रतिमाओं के विसर्जन के पूर्व माँ की महाआरती की गई। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हुए। शहर में नवरात्रि के अंतिम दिन कई स्थानों पर भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तो ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। इसके साथ ही मातारानी के दर्शनों का लाभ उठाया। समितियों द्वारा बुधवार और गुरूवार को भी विशाल भंडारा आयोजित किया। इससे एक दिन पूर्व हवन-पूजन भी हुए। जिसमें श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति डालकर हवन-कुंड को नमन किया। जिसके बाद भंडारा प्रसादी वितरित की गई। मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों के अलावा शहर के कई लोगों ने भंडारे की प्रसादी ग्रहण की।*

## बीजासनी माता मंदिर के घट विसर्जन, भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। एकम के दिन अत्यंत विधिविधान से घी एवं तेल की 556 अखंड ज्योत मंत्रोच्चार से प्रज्ज्वलित कर पूजन कर घट स्थापित किए गए जिनकी सेवा मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा पूरे नियम पवित्रता एवं भक्ति के साथ की गई। प्रतिदिन सायंकालीन महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए एवं भक्तिभाव के साथ मां को अर्जी लगाई।। अष्टमी के दिन दुर्गासप्तशती का हवन विधिविधान से सम्पन्न हुआ तथा नवमी के दिन लगभग 5 हजार से अधिक धर्मप्रेमियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर संस्थापक एवं समिति अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि नवरात्र का नवां दिन मां सिद्धिदात्री का होता है तथा नौ दिनों की साधना का फल मां सिद्धिदात्री नवें दिन रात्रि को आकर देती है, इसीलिए घट विसर्जन दशमी को किया जाता है, यही कारण है कि श्रद्धालु बीजासनी मंदिर से जुड़े भक्तगण व्रत दशमी को छोड़ते हैं तथा घट विसर्जन भी इसी दिन किया जाता है, उन्होंने बताया कि जवारे माता का स्वरूप होते हैं एवं दशमी के दिन वास्तव में मां की बिदाई नहीं की जाती अपितु माता का मां ताप्ती से मिलन करवाया जाता है। बीजासनी मंदिर द्वारा प्रतिवर्ष घट विसर्जन खेड़ी ताप्ती घाट पर किया जाता है जहां ज्वारों के रूप में माता सूर्यपुत्री मां ताप्ती जी से मिलती है। पूरे विधिविधान से प्रार्थना आरती एवं क्षमाप्रार्थना के उपरांत सम्मानपूर्वक उन्हें विसर्जित किया जाता है। मंदिर समिति की ओर से उन्होंने समस्त धर्मप्रेमियों को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद प्रेषित किया है।

**सैकड़ों सुहागन माता बहनों ने की माता की गोदभराई**





## कांग्रेस ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री कर मनाई जयंती

**सारनी।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी सारनी द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पाथाखेड़ा इंटक कार्यालय स्थित प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी ब्लाक अध्यक्ष किशोर चौहान द्वारा महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बापू द्वारा सत्य और अहिंसा की लड़ाई का मार्ग अपनाकर अंग्रेजी हुकूमत को भारत देश छोडऩे को मजबूर कर दिया था। बापू द्वारा खादी की चादर एवं धोती पहनकर भारत देश को आजाद कराने के लिए कई आंदोलन किए गए। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री द्वारा 1965 के युद्ध के दौरान हमारे जवानों और किसानों को प्रेरित करने के लिए जय जवान जय किसान का नारा दिया। जयंती के इस अवसर पर सारनी कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर चौहान, विक्की सिंह, बटेश्वर भारती, मो. इलियास, भगवान जावरे, पिंटीस नागले, बंटी करोसिया, जोजफ़ जोन, माया वर्मा, सुरेश पंड्या, वसीम खान, संदीप मस्की, मनोज पंडित, सुनील भलावी, मो. आशिक, किशोर हेड़ाऊ आदि रहे मौजूद।

## अंबेडकर कॉलेज में सिकलसेल एनीमिया व स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन



**बैतूल।** बीआर अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में सेवा पखवाडा के अंतर्गत सिकलसेल एनीमिय स्किनिंग शिविर एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। कार्यकम में शासकीय जिला चिकित्सालय से ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अंकिता सीते एवं स्वास्थ्य विभाग की टिम से नर्स सविता साकरे, सुमित्रा गंजाम आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। डॉ. सीते ने सिकलसेल एनीमिय से संबंधित बहुत महत्वपुर्ण जानकारी दी। उन्होने कहा कि यह बीमारी आनुवांशिक है। जिसका खून की जॉच से पता चलता है। इस बीमारी के कारण, लक्षण एवं बचाव के तरीको के बारे में बताया शादी में जन्म कुण्डली मिलान करते है, उसी प्रकार बायोकुण्डली या सिकलसेल एनीमिया का परीक्षण करवाने के लिए समाज में जागरूकता लाने पर जोर दिया क्योकि जागरूकता ही बचाव है। उन्होने प्रेजेन्टेशन द्वारा सिकल सेल एनीमिय एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के बारे में समझाया शिविर में 100 लोगो की जाँच की गई। जिसमें तीन सिवियर ऐनीमिक एवं दो सिकल सेल ट्रेड की पहचान हुई जिन्हे डी.एच. रेफर किया गया। कार्यकम में महाविद्यालय के संचालक इंजी. धुरव अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जीडी देशमुख, प्रो. सुनील वर्मा, डॉ. सतीश गावंडे, प्रो. सुनील गीद सहित समस्त स्टाफ एवं बीएड स्टुडेन्ट में गोकुल प्रसाद बिंझाडे जो 22 बार ब्लड डोनेट कर चुका है, वह भी शामिल रहा है। कार्यकम में श्रीराम फार्मेसी कालेज जामठी से प्राचार्य श्रीमती रोशनी खातरकर एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**रैली निकालकर शहीद स्मारक पर किया श्रमदान**

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर व प्रहरियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था, जिसका गुरुवार को समापन हुआ। इस अवसर नगरपालिका परिषद सारनी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ब्रांड एंबेसेडर, स्वच्छता प्रहरियों एवं स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया गया।

नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान, स्वच्छोत्सव का आयोजन 17 सितंबर से प्रारंभ हुआ था। गांधी जयंती पर इसका समापन किया गया। इस अवसर पर दोपहर 1 बजे नगर पालिका सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद भीम बहादुर थापा,



प्रवीण सोनी, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, कमलेश सिंह, गोलू राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम, नोडल अधिकारी केके भावसार उपस्थित थे। इस अवसर पर ब्रांड एंबेसेडर रजनी श्रीवास्ताव, सरिता झरडबे, एमएस कुरैशी को सम्मानित किया गयां वहीं स्वच्छता प्रहरी अंजीनी भालेकर, अजश्री डोंगरे, जीएच ठाकुर, प्राशांत पैलवार, कमल बेले, श्यामराव भोरसे, अमिता रावत, फादर कुरियन जॉन, प्रदीप पंद्राम, प्रमिला पाटिल, अशोक सिंह, जियो सेंटर को सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि स्वच्छता मित्रों के सहयोग से ही सारनी नगर पालिका स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्वच्छता को लेकर पूरे देश में अलख जगाई है। इसका हम सभी को भागीदार बनना है। स्वच्छ भारत अभियान नोडल अधिकारी केके भावसार ने अभियान की संक्षिप्त जानकारी दी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में सतत प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में मनीष धोटे संचालन रंजीत डोंगरे ने किया। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी, आम नागरिक उपस्थित थे।

#### रैली निकालकर शहीद स्मारक पर किया श्रमदान

कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी ने नगर पालिका कार्यालय से रैली निकाली। स्वच्छता एवं नशामुक्ति के संदेश के साथ रैली बस स्टैंड के समक्ष स्थित शहीद स्मारक पर पहुंची। यहां सभी ने शहीदो को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद परिसर में श्रमदान कर कचरा मुक्त किया।

## बारहलिंग घाट पर सफाई व पौधारोपण अभियान आज

**बैतूल।** ताप्ती सामग्र फाउंडेशन द्वारा आज 3 अक्टूबर शुक्रवार को बारहलिंग घाट पर सुबह 9 बजे से घाट सफाई एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया जायेगा। फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव माकोड़े ने बताया कि यह अभियान लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य घाटों की स्वच्छता और हरियाली को लेकर जन जागरूकता बढ़ाना है। फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव माकोड़े ने सभी नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अपील है कि वे इस अभियान में शामिल होकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

#### स्वच्छता दिवस का आयोजन

**बैतूल।** नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर गांधी चौक कोठी बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके उपस्थित रहे।

## गांधी एक विचार एक सोच हैं व शास्त्रीजी किसानों के सच्चे शुभचिंतकः निलय डागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल द्वारा गांधी चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि महात्मा गांधी एक विचार और एक जीवंत सोच हैं, जो हमें अहिंसा, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। वहीं लाल बहादुर शास्त्री को उन्होंने किसानों का सच्चा शुभचिंतक बताया, जिन्होंने जय जवान, जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखाया। निलय डागा ने कहा कि आज जब देश में नफरत और द्वेष का माहौल फैलाया जा रहा है, तब गांधीजी का मार्ग ही देश को जोडऩे का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे गांधी और शास्त्रीजी के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं। इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय डागा, उपाध्यक्ष धीरू शर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, घोडाडोंगरी प्रभारी लवलेष बब्बा राठौर, भैंसदेही प्रभारी नारायणराव धोटे, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोनिका निरापुरे, पुष्पा पेन्द्राम, गोविंद साहू, सत्तार अली, गोलू भूमरकर, नवलसिंह ठाकुर उपस्थित थे।



## विशाल भोपले को ब्लॉक शिक्षा विभाग की कमान

**बैतूल।** भीमपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर विशाल भोपले को पदस्थ किया गया है। बता दे कि ब्लाक शिक्षा अधिकारी रमेश कौशिक की विदाई के बाद श्री भोपले को इस पद पर पदस्थ किया गया है। श्री भोपले उमावि शाला चूनालोहमा में पदस्थ है। गौरतलब रहे कि लगभग 10 वर्षों तक जिला शिक्षा केंद्र बैतूल में सहायक परियोजना समन्वयक के पद पर सेवाएं देने के साथ -साथ पूर्व में बीआरसीसी भीमपुर का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला वर्तमान में 1 अक्टूबर को विकासखंड शिक्षा अधिकारी भीमपुर पदभार ग्रहण किया। श्री भोपले के ब्लाक शिक्षा अधिकारी बनने पर ईष्टमित्रों, शुभचिंतकों और शिक्षकों ने बधाई दी है।



### विजयदशमी पर रंगीन आतिशबाजियों ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध, रावण दहन देखने उमड़ी भीड़

# राम ने छोड़ा तीर, धूं-धूं कर जले रावण और कुंभकरण के पुतले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व गुरूवार जिले भर में आपसी सद्भाव के साथ मनाया गया। शाम को जगह-जगह रावण का दहन विशेष आयोजनों के साथ किया गया।

जिले का मुख्य समारोह लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित किया गया। यहां रावण दहन देखने हजारों लोग पहुंचे। जय-जय श्रीराम का उद्घोष करने में समूचा नगर ही प्रभु श्रीराम की भक्ति में लीन हो गया। यहां दशहरा पर्व मनाने के लिए अच्छी व्यवस्थाएं की गई थी। पूरे स्टेडियम में आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था थी, जिससे समूचा स्टेडियम रात्रि में जगमगा रहा था। जिससे स्टेडियम की रौनक और बढ़ गई। नागरिकों में भी खासा उत्साह था और समूचा स्टेडियम खचाखच भर गया था। छोटे-छोटे बच्चे भी अपने-अपने परिजनों के साथ बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे। जिन्हें पालकों ने अपने कंधों पर बिठाकर रावण दहन का नजारा दिखाया। लगभग 55 फिट रावण और 50 फिट कुम्भकरण का पुतला दहन किया गया। पुतलों की साज-सज्जा



इस तरह की गई थी कि सभी इसकी चर्चा करते रहे। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण सहित विजय जुलूस ढोल-ढमाकों पर थिरकते हुए स्टेडियम पहुंचा। जुलूस में शामिल नागरिक ऐसे प्रतीत हो रहे थे जैसे सचमुच में रावण का नाश करने जा रहे हो। स्टेडियम में आतिशबाजी करीब एक घंटे तक जारी रही। एक से बढकर एक आतिशबाजी से नहाया आसमान देखते ही बन रहा था। जिला मुख्यालय के अलावा जिले भर में रावण दहन किया गया।

#### दिन भर होती रही पूजा-अर्चना

*दशहरा पर्व पर वाहनों, मशीनों, कारखानों की पूजा अर्चना करने की वर्षों से परंपरा चली आ रही है। आज उसी परंपरा के अनुरूप लोगों ने अपने-अपने वाहनों, कारखानों, मशीनों एवं अस्त्र पूजन किया। दशहरा पर्व पर वाहनों की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व होता है। इसलिए दशहरे के दिन सभी वाहन चालकों ने अपने-अपने वाहनों को पानी से धोए है और धुलाई उपरांत हल्दी, कुमकुम से तिलक लगाकर पुष्प हार चढ़ाए। वाहन चालकों द्वारा वाहनों को सजाने से शहर की सडकों पर फूलों से सजे-धजे वाहन घूमते नजर आए। नंदकिशोर ने बताया कि सारी मशीनों को देवी काली का रूप भी माना जाता है, इसलिए भी दशहरा और दीपावली पर विशेष पूजन होता है।*

#### केंद्रीय मंत्री और प्रभारी मंत्री ने विजयादशमी पर किया शस्त्र-पूजन



**बैतूल।** केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर बैतूल जिले के पुलिस लाइन में शस्त्र-पूजन किया। प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने विधि से शक्ति स्वरूपा मां काली की पूजा-अर्चना की। उन्होंने शक्ति, साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का पूजन किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष जनअभियान परिषद मोहन नागर, विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, सुधाकर पवार, बबला शुक्ला, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और कर्मचारियों सहित सभी स्टॉफ शस्त्र-पूजन का हिस्सा बने। प्रभारी मंत्री पटेल ने कहा कि विजयादशमी पर शस्त्र-पूजन का महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है, जो हिंदू सनातन परंपरा से जुड़ा हुआ है। यह व्यक्ति को उसके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है और अधर्म के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देता है।

**खबर संक्षेप**

## नवरात्रि में जन्मी बच्चियों का पूजन कर माताओं को भी किया सम्मानित



**देवास।** माँ शारदीय नवरात्रि महापर्व के प्रथम दिवस से नवमी अंतिम दिवस तक शासकीय जिला अस्पताल में जन्मी नवजात बच्चियो का श्रीजी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सेवा समिति ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय के जच्चा-बच्चा वार्ड पहुंचकर बच्चियों का पूजन-अर्चन, वस्त्र भेंट करते हुए माताओ को मिठाई खिलाकर सम्मान किया व बेटी जन्म पर बधाई दी। सचिव घनश्याम मोदी एवं अध्यक्ष रूक्मणि परमार ने बताया कि मप्र शासन के राज्य आनंद संस्थान और आनंद विभाग के सहयोग से सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालानी बाग ब्रम्हा कुमारी आश्रम प्रमुख बीके प्रेमलता दीदी, बीके अपूर्वा दीदी, बीके निर्मला बैन, बीके ज्योति दीदी, बीके बंशीलाल राठौड, अनुराधा नीमा, चंद्रकांत नीमा के सानिध्य व जिला चिकित्सालय में पदस्थ स्टाफ के सहयोग से जिला चिकित्सालय देवास परिसर में नवरात्रि पर्व के दौरान जन्मी बच्चियों को वस्त्र भेंटकर चुनरी ओढ़ाई एवं माताओं को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान रूक्मणि परमार ने कहा कि बेटियां माता रानी का स्वरूप होती है। इन बेटियों में से न जाने कौन सी बेटी किस देवी के रूप में दर्शन दे दे। नवरात्रि के दिनो में ही नही बच्चियों का सम्मान होना चाहिए, बल्कि वर्ष भर उनका सम्मान होना चाहिए। इस अवसर पर नर्सिंग स्टॉफ से ज्योति मिश्रा, डॉ. रूक्मणि आदि का विशेष सहयोग रहा।

### संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित पथ संचलन में हजारों स्वयंसेवक हुए सम्मिलित

# हिंदू समाज के संगठन में भारत के साथ पूरे विश्व का कल्याण निहितः कुलकर्णी



### ध्वज और घोष वाहिनियों सहित 100 से अधिक इकाइयों ने चार किलोमीटर लंबे संचलन में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

हिंदू समाज के संगठन में भारत ही नही अपितु पूरे विश्व का कल्याण निहित है,क्योंकि हिंदू ही कहता है ₹वसुधेव कुटुंबकमऱ एवं ₹सर्वे भवंतु सुखिनऱ, यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी ने देवास नगर के विजयादशमी उत्सव के मुख्य वक्ता के रूप कहीं। कुलकर्णी ने स्वयंसेवको को सम्बोधित करते हुए कहा की संघ कोई नया काम नहीं कर रहा है। संघ हजारों वर्ष पूर्व की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है, जिस प्रकार पूर्व में विश्व को भारत से ज्ञान एवं संस्कृति प्राप्त कर था उसी परंपरा को संघ आगे बढ़ा रहा है। संघ का समाज से एक आव्हान है, अब संघ को देखो मत, संघ के साथ जुडो संघ के साथ चलो, और संघ के विचारों के साथ में अपने-अपने स्थान पर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाहन करो। कुलकर्णी ने कहा कि संघ कुछ नहीं करेगा संघ सिर्फ संवेदना से युक्त धर्म पर चलने वाले स्वयंसेवक का शाखा के माध्यम से निर्माण करेगा, वह स्वयंसेवक अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए, सभी को साथ लेकर समाज के कष्टों को दूर करेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों श्री



विजयादशमी उत्सव पर प्रतिवर्ष निकाला जाने वाला पारंपरिक पथ संचलन इस वर्ष 2 अक्टूबर गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकाला जाएगा। इस विजयदशमी उत्सव की अध्यक्षता प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. गिरीश मालवीय ने की। उनके साथ मुख्य वक्ता स्वप्निल कुलकर्णी, देवास विभाग के संघचालक अजय गुप्ता, देवज़ नगर के संघचालक राजेश अग्रवाल रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम शस्त्र पूजन एवं भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देवास नगर के इस पथसंचलन का स्वरूप इस वर्ष विराट रहा, विगत कुछ वर्षों से देवास नगर में संचलन बस्तीशः निकाले जाते रहे है, इस वर्ष पूरे देवास नगर का एक ही संचलन निकाला गया जिसमें सभी 32 बस्तियों के हजारों स्वयंसेवक सम्मलित हुए। ध्वज और घोष वाहिनियों सहित 100 से अधिक इकाइयों ने चार किलोमीटर लंबे संचलन में भाग लिया। वाहिनियों में हजारों स्वयंसेवकों का यह संचलन कई किलोमीटर लंबा रहा जो नगर के प्रमुख मार्गों को तय करेगा।




### पूरे संचलन मार्ग पर हुआ स्वागत

संचलन पुलिस लाइन दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर राधागंज भोपाल चौराहा, नाहर दरवाजा, नयापूरा, जनता बैंक, सुभाष चौक, नावेल्टी चौराहा, तहसील चौराहा, नगर निगम कार्यालय, लाल गेट से स्टेशन रोड की ओर मुड़कर गजरा गियर चौराहा, गायत्री मंदिर से पुनः पुलिस लाइन दशहरा मैदान पहुचा। पूरे मार्ग में 200 से अधिक समाजिक, धर्मिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने इस भव्य संचलन का स्वागत किया। शताब्दी वर्ष पर निकलने वाला यह संचलन पंच परिवर्तन के विषयों सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य एवं स्व के भाव के जागरण पर केंद्रित रहा। इस हेतु कार्यक्रम स्थल पर गो उत्पाद, स्वदेशी उत्पाद एवं राष्ट्रिय साहित्य के अस्थाई विक्रय केंद्र भी लगाएं जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर संघ के 100 वर्षों की यात्रा, सेवा कार्य, पंच परिवर्तन सहित अन्य विषयों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# कांग्रेस ने मनाई राष्ट्रपिता गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की जयंती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने अपने जीवन की सादगी और मितव्ययता से पूरे विश्व के सामने ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया, जो आज भी हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। गांधीजी ने देश की गुलामी की दुर्दशा देखकर केवल एक धोती पहनने का संकल्प लिया और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लगभग 6 वर्ष 10 माह जेल में रहे। अंततः एक कट्टरपंथी की गोली खाकर उन्होंने देश की आज़ादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री जैसे नेता प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए भी सादगी और ईमानदारी के लिए आज तक स्मरण किए जाते हैं। इन विचारों को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी ने गांधी जयंती और शास्त्री जयंती के अवसर पर शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेखा वर्मा, राजेंद्र मालवीय, भगवान सिंह चावड़ा ने विचार रखे। कहा कि गांधी और शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेकर आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ देश सेवा में अपनी भूमिका निभाएँगे। कार्यक्रम की शुरुआत रोशन रायकवार द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना और वैदिक एवं अन्य धर्मो की प्रार्थना से हुई, जिसे सभी कांग्रेसजनों ने मिलकर दोहराया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने किया तथा आभार जितेंद्र सिंह मोंटू ने व्यक्त किया।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नजर शेख, गुरुचरण सलूजा, शिवनारायण सिंह हाडा, विक्रम पटेल, नरेंद्र यादव, दीपेश कानूनगो, जाहिद पठान, प्रवीण शर्मा, गोवर्धन देसाई, विकास बारोड, कल्याण सिंह पवार, विश्वजीत सिंह चौहान, पी.सी. हारोड़े, राजेश राठौर, दिलीप सिंह बजेपुर, श्रीकांत चौहान, मीना अली, मदनलाल जेठवा, मुन्ना सरकार, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, शाहजी हाशमी, मुकेश शर्मा, महेश राजपूत, विमल चौधरी, प्रतीक शास्त्री, निलेश वर्मा, इरफान कुरैशी, शाहिद मोदी, गौरव जोशी, अनिल गोस्वामी, महेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह यादव, मलखान सिंह देवड़ा, छोटू गुर्जर, अजय रघुवंशी, अविनाश जेठवा, राकेश पाटीदार, हाफिज घोसी, रईस कामदार, कल्लू भाई, गुल्लू मंधानी, अनिल वर्मा, ओम राठौर, आत्माराम परिहार, यूनुस अली, संजय रेकवाल सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री वर्मा ने विधायक सोनकर पर साधा निशाना, बोले अंधे को आंख दे कोढ़न को काया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा



प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री वर्मा ने सोनकच्छ विधायक सोनकर पर साधा निशाना भौरासा। शक्ति माता मंदिर पर आरती एवं भंडारे में पधारे पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने वर्तमान विधायक डॉ. राजेश सोनकर को आडे हाथो लिया। आपको बता दे की पिछले कुछ दिनों से सोनकच्छ क्षेत्र में राजनीतिक पारा गरम है क्योंकि गत दिवस नगर में क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर का भौरासा प्रवास हुआ था जिसमें नवरात्रि के दौरान नगर में स्थापित पांडाल और मंदिरों में माता आदिशक्ति के दर्शन का लाभ लिया और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, तत्पश्चात शक्ति माता मंदिर प्रांगण से निकल कर प्रेस वार्ता के दौरान पूछे गए सवालों पर अपना तंज कसते हुए कांग्रेस को आडे हाथो लेते हुए कहा था कि गत दिनों कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भौरासा नगर से होते हुए निकले जहां नगर में लगने वाले पशु हाट में अपना काफिला रुकवा कर किसानों से मुलाकात कर दूध के भाव को लेकर किसानों से चर्चा की और भैंस का दूध भी निकाला और भाजपा के झूठे वादों का गुणगान किया, इस पर बयान देते हुए सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने कहा था कि कांग्रेस अब गौ माता को मुंह दिखाने लायक भी नहीं बची है इसलिए अब भैंस का दूध निकाल रही है क्योंकि उन्होंने वादा किया था कि कांग्रेस सरकार बनने पर हम हर पंचायत में एक-एक गौ शाला बनाएंगे पर गौशाला एक भी नहीं बनी, जिस पर फिर से राजनीति गरमा गई।

बुधवार को शक्ति माता मंदिर पर में आरती में पधारे पूर्व कैबिनेट मंत्री व सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने आरती के पश्चात एक प्रेस वार्ता में विधायक सोनकर को आडे हाथों लेते हुए कहां की सवा साल कमलनाथ की सरकार रही और बीस गौशालाएं बनी। पांच साल सरकार रहती तो सैकड़ो की तादाद में गौशालाएं बन जाती पर जो व्यक्ति इस पर सवाल उठा रहा है उनसे कहता हू जब हम भगवान की आरती गाते हैं तो उसमें एक लाइन है अंधे को आख दे और कोढन को काया और जिसने भी सवाल उठाया उनका कहना है सोनकच्छ से क्या मतलब मुझे तो चाहिए माया। इस अवसर पर इनके साथ प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज राजानी ,देवास ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजी राम यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र इनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर सहित कांग्रेस पार्षद,एव समस्त क्षेत्र के कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# नवमी पर हवन व कन्या पूजन के साथ हुए भंडारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरासा

नवरात्रि में जहां इस बार 10 दिन तक भक्तों द्वारा मां की भक्ति जारी रही। अंतिम दिन नगर के समस्त माता पंडालों में कन्या पूजन भंडारे का आयोजन किया गया और सभी माता पांडालो मंदिरों में नवमी के दिन हवन पूजन किया गया जिसमे नगर की सुख-समृद्धि की कामना के लिए प्रार्थना की गई। नगर में लाल माता मंदिर, अन्नपूर्णा माता मंदिर,अंबे माता मंदिर, शक्ति माता मंदिर, संत तुलसी मार्ग पर स्थित नौ देवियों के मंदिर, पुरानी कचहरी मे माता मंदिर पर हवन पूजन किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर के वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत द्वारा खेड़ापति हनुमान मंदिर एवं शक्ति माता मंदिर पर हवन किया गया जिसे नगर परिषद संजय जोशी के द्वारा हवन करवाया गया। नगर में संपन्न हुए भंडारों में काफी भीड़ देखी गई व नौ दिन तक चले इन आयोजनों में कई कार्यक्रम हुए हैं जिसमें नगर में काफी चहल-पहल बनी रही। बुधवार को अंतिम नवरात्र पर भंडारा यज्ञ के साथ नवरात्रि का समापन हुआ। नगर में बैठी नवदुर्गा उत्सव समितियों में नगर परसाई मनोज जोशी के द्वारा हवन पूजन संपन्न कराए गए।

### शिक्षक सेवानिवृत्त सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**चापड़ा।** कन्या हाईस्कूल संकुल केन्द्र पर वरिष्ठ शिक्षक सीताराम राठौर व मनोहर लाल मानधन्या की शिक्षक सेवाएं पूर्ण होने पर शिक्षक सेवानिवृत्त सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अशोक गुप्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने की। स्वागत उद्बोधन संकुल प्राचार्य महेश गोस्वामी ने देते हुए कहा कि हम उस पीढ़ी के शिक्षको को विदाई दे रहे है ,जो अभाव ग्रस्त विषम परिस्थितियों में भी 15 किलोमीटर पैदल चलकर शिक्षक कार्य किया है। आपकी संलग्न सेवाएं भविष्य के शिक्षको के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। आपकी उत्कृष्ट सेवाओ के लिए आपका अभिनन्दन कर हम गौरवान्वित है।

# निगम कार्यालय में संपन्न किया सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

गुरुवार 2 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा 2025 सम्मान समारोह नगर निगम सभा कक्ष में आयोजित किया गया। आयोजन का शुभारंभ माननीय महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण किया गया।

आयोजन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के प्रति योगदान देने वालों व स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले कॉलेज, अस्पताल, शासकीय व अशासकीय स्कुलों सामाजिक संगठनों, खेल विभाग, मलेरिया विभाग, एनजीओ आदि जो विभिन्न गतिविधियों, जैसे सामुदायिक सेवा या जागरूकता अभियानों में अपनी निस्वार्थ सहभागिता से शहरवासियों को जागरूकता संदेश देने का काम किया है। समारोह के दौरान ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने स्वच्छता ही सेवाष अभियान के दौरान स्वच्छता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महापौर व आयुक्त के द्वारा 21 सफाई मित्र, केपी कॉलेज, 12 शासकीय व अशासकीय स्कुल मे नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1, शासकीय महांकाल कालोनी स्कुल, सरदाना इंटरनेशनल स्कुल, सांईनाथ मेमोरियल स्कुल, इनोवेटिव पब्लिक हायर सेकेन्ड्री स्कुल, हिमालय ऐकेडमी, ट्रिकी कोचिंग क्लास, ग्रीन आर्मी, न्यू ऐरा हायर सेकेन्ड्री स्कुल, एमरोल ऐकेडमी, बिरला स्कुल, सेंटर फर एडवांस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट, निबंध प्रतियोगिता मे सेंट स्टार स्कुल, रांगोली प्रतियोगिता मे कर्मदीप स्कुल, वाद विवाद प्रतियोगिता मे हिमाल्या स्कुल के बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

अन्य संस्थाओं मे इपका लेबोरेटरी, हिन्द फौज ऐकेडमी, जनशिक्षण संस्था की टीम, संस्था श्री सिद्धी विनायक, एचडीएफसी बैंक, जिला मलेरिया विभाग को भी महापौर एवं आयुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### विजयादशमी पर पुलिस लाइन देवास में विधि-विधान पूर्वक शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न

# प्रदेश कैबिनेट मंत्री सिलावट की मौजूदगी में हुआ शस्त्र पूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

गुरुवार को विजयादशमी के पावन पर्व पर जिला पुलिस लाइन देवास में पारंपरिक एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन तुलसीराम सिलावट उपस्थित रहे।शस्त्र पूजन की इस परंपरा को पूर्ण श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न किया गया। कार्यक्रम में माननीय कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट,सांसद महेन्द्र सोलंकी, विधायिका गायत्रीराजे पंवार, विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, महापौर नगर निगम गीता अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला आटारिया, जिलाधीश ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद, नगर निगम कमिश्नर देवास दलीप कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। शस्त्र पूजन का यह आयोजन परंपरा के साथ-साथ हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण और अनुशासन का संदेश भी देता है। कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन तुलसीराम सिलावट ने विजयादशमी पर्व पर जिलेवासियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें सदैव धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन, सेवा और समर्पण की सराहना करते हुए जनसेवा के लिए निरंतर तत्पर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर संपूर्ण पुलिस परिवार की ओर से जिलेवासियों को विजयादशमी की मंगलकामनाएं दी गईं।

## खबर संक्षेप



### पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न

हरदा। विजयादशमी के पावन पर्व पर पुलिस लाइन हरदा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने परंपरागत तरीके से शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर कलेक्टर सिध्दार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक शशांक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

हरदा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरूवार को खिलाड़ियों ने घंटाघर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वच्छता की शपथ ली। इसमें ब्लॉक समन्वयक सलमा खान ने गांधी को श्रद्धांजलि दी एवं हॉकी फुटबाल और हैंडबॉल के बच्चों को कहा कि घर कालोनी को स्वच्छ रखें। जीवन में विचारों की स्वच्छता, खेल में अनुशासन और संयम की स्वच्छता प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में आवश्यक है। सत्य अहिंसा के पथ पर चलकर मजबूत समाज का निर्माण करना हमारा कर्तव्य है। इसमें इंस्पेक्टर सरिता मर्सकोले, खेल प्रशिक्षक प्रहलाद जाट, प्रवीण बॉथम, गौतम विश्वकर्मा, यश कनक, मोहम्मद जैद, शुभ सराठे आदि उपस्थित थे।

### वंदेमातरम गायन हुआ

हरदा। प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत वंदेमातरम गायन के साथ होती है। इसी क्रम में बुधवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य शिविर संपन्न

हरदा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि बुधवार को जिला जेल हरदा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 42 पुरुष एवं 14 महिलाओं की जाँच की गई, जिसने 2 पुरुष को हाइपरटेंशन एवं 1 महिला को शुगर पाई गई, जिनका प्राथमिक उपचार भी किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायत के सरपंच सचिव सहित अन्य सम्मानित

**स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन**

# श्रमदान किया, नशामुक्ति संबंधी शपथ भी दिलाई







हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के समापन स्वामी विवेकानंद काम्प्लेक्स में श्रमदान कर किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार सहित विभिन्न पाषर्दगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान अध्यक्ष श्रीमती कमेड़िया ने काम्प्लेक्स में रह रहे निवासियों को कचरा ना फैलाने की समझाइश भी दी गई। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को नशा मुक्ति संबंधी शपथ भी दिलाई।

### स्वच्छ उत्सव कार्यक्रम संपन्न

स्व स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक किया गया। कार्यक्रम में श्रमदान से साफ-सफाई, एक दिन एक घण्टा एक साथ श्रमदान कार्यकम, सिंगल प्लास्टिक यूज के संबंध में जागरूकता, सूखा कचरा-गीला कचरा अलग-अलग, स्वच्छता संबाद जैसी गतिविधियां ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित की गई। गुरुवार को जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सफाईमित्र, स्वच्छाग्रही आदि को सम्मानित किया गया। स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता का कार्य जीवन पर्यन्त चलता है तथा सभी ग्राम पंचायते सामुदायिक सहभागिता के साथ अपनी-अपनी पंचायतों में उक्त कार्य निरंतर करती रहे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोद ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता का कार्य शासकीय कार्य नही है, यह हगारी दिनचर्या से जुड़ा हुआ है और इसे अनवरत गुणवत्ता के साथ चलाना चाहिये। कार्यकम के शुभारंभ अवसर पर प्रवीण कुमार इवने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के उद्देश्य एवं रूपरेखा के संबंध में सभी को अवगत कराया और बताया कि अक्टूबर माह में भी स्वच्छता की गतिविधियां निरंतर जारी रहेंगी, जिसमें शासन के निर्देशानुसार कई कार्यों को पूर्ण किया जाना है। कार्यकम का शुभारंभ महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया। कार्यकम के दौरान श्रेष्ठ कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, सफाई मित्रों एवं स्वच्छाग्रहियो को सम्मानित किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत अबगांवखुर्द, बूंदण्डा, हण्डिया, करनपुरा, कायागांव, मगरधा, मसनगांव, नकवाड़ा, नांदरा व रहटाखुर्द, खिरकिया विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मांदला, मोरगढ़ी, कुड़ावा तथा टिमरनी की ग्राम पंचायत भादूगांव, रवांग, लाखादेह, लछोरा, बिच्छापुर एवं रहटगांव शामिल है। कार्यकम के दौरान भावांतर योजना के संबंध में भी जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया तथा अपील की गई की ज्यादा से ज्यादा इस योजना का प्रचार-प्रसार करके पंजीयन की कार्यवाही की जाये।

## वन विभाग पर लगाया आरोप

# ग्रामीणों किया ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद वन अभ्यारण कारीडोर का विरोध



हरदा। जिले में प्रस्तावित डॉ. राजेंद्र प्रसाद वन अभ्यारण्य को लेकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों पर उनकी सहमति के बिना प्रस्ताव लिखने का आरोप लगाया है। राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले और आदिवासी विकास परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम कलम ने ग्रामीणों से चौपाल लगाकर चर्चा की। ग्राम पंचायत बड़झीरी में गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल हुए। यहाँ पर भी प्रस्तावित डॉ. राजेंद्र प्रसाद वन अभ्यारण के कारीडोर का ग्रामीणों ने विरोध किया। साथ ही ग्राम सभा में अभ्यारण को निरस्त किए जाने के लिए प्रस्ताव पारित किया। इसी तरह से ग्राम पंचायत रेसलपुर के ग्राम झल्लार के ग्रामीणों ने भी अभयारण्य के विरोध में प्रस्ताव पारित किया एवं पूर्व में लिखे गए प्रस्ताव के सम्बंध में जब ग्रामीणो ने वन विभाग के कर्मचारी से सवाल किया तो वह जवाब देने की बजाय सभा से उठ कर चले गये। ग्रामीणों ने कहा है कि संबंधित कर्मचारी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही होना चाहिए। दोनो ग्राम सभाओं में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले एवं आदिवासी विकास परिषद के कार्यकारी जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कलम उपस्थित रहे।

चर्चा के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी सहमति लिए बगैर ही ग्राम केलझिरी, बंसीपुरा और झल्लार सहित अन्य गांवों में अभ्यारण्य कॉरिडोर बनाए जाने के प्रस्ताव दर्ज कर लिए हैं। ग्रामीणों ने खुद को ठगा हुआ महसूस करने की बात कही। इस चर्चा में प्यारेलाल सिलाले, किशोरीलाल, सालकराम ध्रुवे, मोतीराम इवने, हजारी दादा, विष्णु और नन्हेलाल सहित कई ग्रामीण शामिल थे। पंचायतीराज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार टाले ने कहा कि आदिवासी ग्रामीणों की सहमति के बिना प्रस्ताव पारित करना पंचायतीराज की अवधारणा के खिलाफ है।

# कलेक्टर ने सरपंचों को किया सम्मानित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन

खंडवा। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पखवाड़ा 17 सितंबर से प्रारंभ हुआ था। इस मौके पर स्वच्छता अभियान के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले सरपंचों को प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सम्मानित किया।




समारोह में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी. गौड़ा, जनपद पंचायत खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर सहित अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई एवं धार्मिक आयोजनों के दौरान प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्य के लिए जिन सरपंचों और ग्राम रोजगार सहायक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए उनमें सिहाड़ा की सरपंच कोकिला चौहान, नर्मदा नगर के सरपंच महेश जायसवाल, सांवलीखेड़ा की सरपंच बसुबाई धुर्वे, मालूद के सरपंच जयप्रकाश राठौर और सांवलीखेड़ा के ग्राम रोजगार सहायक सुरेंद्र सिंह ठाकुर शामिल हैं। कलेक्टर गुप्ता ने सम्मानित सरपंचों को बधाई देते हुए कहा कि वे गांवों में स्वच्छता और जल संरक्षण के क्षेत्र में आगे भी सकारात्मक योगदान देते रहें। कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने जिला पंचायत परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शारदीय नवरात्रि का समापन**

# नम आंखों से भक्तों ने दी मां दुर्गा को विदाई, जगह-जगह पुलिस तैनात रही

हरदा। जिले में शारदीय नवरात्रि का समापन गुरुवार को हुआ। इस अवसर पर भक्तों ने दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया। नौ दिनों तक चले दुर्गा उत्सव के बाद, सुबह से ही प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन स्थलों तक ले जाया गया।

पूरे जिले में नवरात्रि के दौरान दुर्गा उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह सुंदर पंडाल सजाए गए, जहां भक्तों ने माता रानी की आराधना की। हवन-पूजन के साथ कन्याओं को भोजन भी कराया गया। मां दुर्गा के जयकारों और ढोल की गूंज के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन नर्मदा तट पर बने कुंड में हुआ। विसर्जन से पहले श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारी। महिलाओं ने माता का श्रृंगार किया और पूजा-अर्चना कर सुख-





समृद्धि की कामना की। शहर के कई पूजा पंडालों के सदस्यों ने सजे हुए वाहनों पर प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया। विसर्जन जुलूस के दौरान भक्त डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर थिरकते दिखे, वहीं महिलाओं ने गरबा नृत्य किया। माता के विसर्जन से पहले, महिलाओं ने माता रानी को चढ़ाए गए सिंदूर को अपने माथे पर लगाया और अमर सुहाग की कामना की। उन्होंने परस्पर एक-दूसरे की मांग में सिंदूर लगाकर परंपरा का निर्वहन किया। नवरात्रि के दौरान जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में 200 से अधिक स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। शहर की अजनाल नदी के तट पर बनाए गए विसर्जन कुंड पर नगर पालिका, होमगार्ड और पुलिस जवानों को तैनात किए। शहर की अधिकांश समितियों ने जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर हंडिया, छीपानेर और लछोरा जाकर नर्मदा नदी के अन्य घाटों पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया। हंडिया में प्रशासन ने क्रेन की सहायता से दुर्गा प्रतिमाओं को कुंड में विसर्जित कराया। विसर्जन के दौरान निकलने वाले जुलूसों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस जवानों को तैनात किया गया था।

# मंत्री विजय शाह ने पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन किया



खंडवा। विजयादशमी के अवसर पर मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह गुरुवार को पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, हवन और आरती कर पुलिस लाइन के शस्त्रों का पूजन किया। कार्यक्रम में विधायक कंचन मुकेश तन्वे, महापौर अमृता अमर यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेड़े, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी और महेंद्र तारणेकर सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# विभिन्न मांगों को लेकर आम किसान यूनियन जा रहा गांव-गांव

हरदा। आम किसान यूनियन द्वारा अपनी मांगो को लेकर प्रत्येक पंचायत स्तर पर ट्रेक्टर रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम पंचायत सोनखेड़ी भुवनखेड़ी में विशाल ट्रैक्टर रैली निकाल कर ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम सेवक कृषि विभाग को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।




इस दौरान विभिन्न मांगे रखी गई। जिसमें अतिवृष्टि कीट एवं वायरस से नष्ट हुई फसलों का तुरंत सर्वे कर किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाए। वर्तमान में लागू की गई भावांतर योजना को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए एवं समस्त फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाए। वर्ष 2018 के भावांतर की बकाया राशि जल्द से जल्द किसानों को प्रदान की जाए। रासायनिक उर्वरक डीएपी एवं यूरिया की उपलब्धता प्रत्येक पंचायत स्तर पर सुलभ की जाए। सोनखेड़ी के किसान मुकेश पूनिया ने कहा कि वर्तमान भावांतर योजना किसानों के साथ छलावा है। किसान कन्हैया पटेल ने कहा है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार द्वारा ही घोषित है फिर क्यों सरकार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान नहीं करती है। आम किसान यूनियन द्वारा अभी तक 10 ग्राम पंचायत में ट्रैक्टर रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। आने वाले दिनों में जिले की समस्त पंचायत में ट्रैक्टर रैली कर ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित किसान रामनिवास ढाका बृजेश गोलियां भगतराम चोटिया दीपक घटेला नर्मदा विश्वकर्मा गोरीशंकर कुशवाह मन्नू तोमर आदि किसान भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## कलेक्टर अमलपुरा और बड़गांव माली की ग्राम सभा में शामिल हुए

# ग्राम सभाओं में किसानों को भावांतर भुगतान योजना की जानकारी दी



खंडवा। गांधी जयंती के अवसर पर गुरुवार को जिले की सभी पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में किसानों को प्रदेश सरकार की भावांतर भुगतान योजना की जानकारी दी गई।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता खंडवा विकासखंड की ग्राम पंचायत बड़गांव माली और अमलपुरा में आयोजित सभाओं में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नागार्जुन बी. गौड़ा, जनपद पंचायत खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर मौजूद रहे। कलेक्टर ने किसानों को बताया कि फसलों का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से भावांतर भुगतान योजना लागू की गई है। योजना के लिए पंजीयन 3 अक्टूबर से शुरू होंगे। किसान अपना पंजीयन एमपी किसान ऐप, कॉमन सर्विस सेंटर या सहकारी समिति कार्यालय में करवा सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों से पंजीयन कराने की अपील की। उन्होंने ग्राम सभाओं में ग्रामीणों से कहा कि घर की पक्की छत पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अवश्य लगाएं, जिससे भूजल स्तर बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजना का लाभ लेने के साथ नियमित जलकर जमा करने और घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कलेक्टर ने ग्रामीणों को नदी-नालों में वर्षा समाप्ति के बाद बोरी बंधान की संरचनाएं बनाने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इससे व्यर्थ बहने वाला पानी रुक सकेगा, जिससे जल स्त्रोतों का स्तर बढ़ेगा और गेहूं व चने की फसलों की सिंचाई में भी मदद मिलेगी।

## बुजुर्गों की सेवा, सम्मान हम करेंगे तब बच्चे हमारा सम्मान करेंगे: भारती

# वृद्धआश्रम में बुजुर्गों का सम्मान कर दिए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजनों का सम्मान नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया और कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने माल्यार्पण कर और श्रीफल प्रदान कर किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष कमेड़िया ने संबोधित करते हुए कहा कि परिवार में बुजुर्गों की सेवा और सम्मान हम करेंगे तभी बुजुर्ग होने पर हमारा सम्मान परिवार के कनिष्ठजन करेंगे क्योंकि बच्चे जैसा घर में देखते है वैसा ही सीखते हैं। कार्यक्रम में नशा मुक्ति संबंधी शपथ भी दिलाई गई।

नगर पालिका अध्यक्ष कमेड़यिा ने कहा कि हमारे देश में बचपन से ही परिवार के बुजुर्गों की सेवा और सम्मान के संस्कार दिये







जाते है। पिछले कुछ वर्षों में परिवार के वृद्धजनों को वृद्धाश्रम भेजने की गलत परिपाटी शुरू हुई है, जो ठीक नहीं है। उन्होने वृद्धाश्रम के वृद्धजनों से कहा कि कभी भी कोई जरूरत हो तो बताएं हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि बुजुर्गों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। उन्होने कहा कि बुजुर्गों के यहां पर सभी सेवा भावना से सेवा करते हैं सभी लोग यहां सहयोग भी करते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आपकी हर संभव मदद करेगा। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील कि है की जैसे आप सभी अपने माता-पिता की सेवा करते हैं वैसे ही वृध्दाश्रम में भी सेवा भाव से सहयोग करें एवं सेवा करें। उन्होंने सभी को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएं दी।

### विजेताओं को मिले पुरस्कार

वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धजनों के बीच चेयर रेस एवं नींबू चम्मच प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसके विजेताओं को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कमेड़िया ने पुरस्कार प्रदान किये। चेयर रेस में प्रथम पुरस्कार पुरूष वर्ग में सुदंर लाल मालवीय को तथा महिला वर्ग में कांति बाई को मिला। नींबू चम्मच दौड़ में पुरूष वर्ग में रामभरोस मौर तथा महिला वर्ग में शारदा बाई को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।

# सेवा पखवाड़ा का विधायक मोरे के नेतृत्व में किया समापन

खंडवा। पंधाना नगर परिषद क्षेत्र में सेवा पखवाड़ा का समापन सोमवार को उत्साह और जनभागीदारी के साथ हुआ। समापन अवसर को विशेष बनाने के लिए गांधी जयंती और शास्त्री जयंती का संयुक्त आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे नगर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों को जनआंदोलन के रूप में चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक और कार्यकर्ता जुड़े।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक छाया गोविंद मोरे रहीं। उनके साथ मंच पर मंडल अध्यक्ष फकीर चंद कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जगदन्ने, चुनीलाल माणिकचंदानी, महामंत्री बंटी दादा, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र राठौर, जगदीश एकले, अमजद कादरी, सुनील जयसवाल, राजेश राठौर, दिनेश जयसवाल, ब्रजेश नामदेव, कुलदीप सिंह तंवर, रजत गंगराड़े, प्रतीक जैन, सौरभ गंगराड़े, सौरभ सोनी, परमानंद पटेल, आमीन बाबा, गुलाब जी और अजय पडियार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि सेवा पखवाड़ा महज एक अभियान नहीं, बल्कि समाज को स्वच्छ, सशक्त और जागरूक बनाने का सामूहिक प्रयास है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों ने नगरवासियों को न केवल प्रेरित किया बल्कि उन्हें जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण से जोड़ने का भी कार्य किया।

**जाहिर सूचना**

हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमति सरिता चौकसे पत्नी मनीष चौकसे नि. वार्ड 11, पुरानी गरीबी लाईन इटारसी ने मोजा सोनासांवरी (परिवर्तित क्षेत्र) प.ह.नं. 14 खा.नं. 108/4 प्लाट नं. 3/7 ब का रकबा 15 फुट 40 फुट = 600 वर्गफुट खुला भूखंड पूर्व मालिक स्वामी एवं अधिपत्यधारी नरेन्द्र कुमार मदनलाल मालवीय नि. वार्ड क्र. 04 पुरानी इटारसी, जि. नर्मदापुरम से क्रय किया है जिसका दस्तावेज क्रमांक MP169792022A1080881 दिनांक 25/1/22 उपपंजीयक कार्यालय इटारसी है। उक्त संपत्ती की पूर्व में गनपत बनोला का प्लाट, पश्चिम मे श्रीमति रानी राय का प्लाट उत्तर में कमल सिंह राठौर का प्लाट एवं दक्षिण में 25 फुट का रास्ता है। उक्त भूखंड सीमांकन उपरांत पटवारी जी द्वारा आमजन की उपस्थित में बताये गये सीमाचिंह अनुसार सीमेंट पोल एवं तार फेंसिंग कर मेरा पक्षकार वैध आधिपत्य (कब्जा) धारी हो गया है। सीमांकन में कोई चतुर्सीमा या नपाई का विवाद भी सामने नहीं आया है। उक्त वर्णित भूखंड पर अब एकमात्र रूप से मेरे पक्षकार का हक स्वामित्व एवं आधिपत्य है किसी प्रकार के अतिक्रमणकारी या अन्य आपत्तिकर्ता के विरुद्ध युक्ति युक्त वैधानिक कार्यवाही सक्षम न्यायालय या युक्ति युक्त फोरम में की जाएगी। अतः सावधान रहे, जाहिर सूचना जाने।
2/10/2025 इटारसी

भवदीय रमेश के.साहू एडव्होकेट
साहू लॉ चेम्बर, 5 जनपथ, सराफा बज़ार इटारसी
मो. 9425136001, प्रज्ञान साहू 9303036008